# प्रदेश बनेगा अंतरिक्ष तकनीक का प्रमुख केंद्र

## सीएम ने कहा- स्पेसटेक नीति से प्रदेश को मिलेगी नई पहचान

**भोपाल, 22 मार्च. मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि मध्य प्रदेश को स्पेस टेक्नोलॉजी के क्षेत्र में अग्रणी राज्य के रूप में स्थापित करने के उद्देश्य से राज्य सरकार ने मध्यप्रदेश स्पेसटेक नीति-2026 लागू की है.**

यह नीति स्पेसटेक नवाचार, विनिर्माण, अनुसंधान और तकनीक आधारित अनुप्रयोगों को बढ़ावा देकर प्रदेश को भारत की तेजी से विकसित हो रही अंतरिक्ष अर्थव्यवस्था का महत्वपूर्ण केंद्र बनाएगी. मुख्यमंत्री ने कहा कि वैश्विक स्तर पर अंतरिक्ष अर्थव्यवस्था तेजी से विस्तार कर रही है और भारत इस क्षेत्र में नई संभावनाओं के साथ आगे बढ़ रहा



है. डॉ. यादव ने कहा कि यह नीति प्रदेश को स्पेसटेक सेक्टर में नई पहचान दिलाएगी. स्पेसटेक नीतिअंतरिक्ष क्षेत्र के अपस्ट्रीम, मिडस्ट्रीम और डाउनस्ट्रीम सभी क्षेत्रों के विकास का व्यापक रोडमैप प्रस्तुत करती है.

### अनुसंधान और नवाचार को मिलेगा बढ़ावा

नीति में स्पेसटेक सेंटर ऑफ एक्सीलेंस स्थापित किया जाएगा, जहां अनुसंधान, नवाचार, प्रोटोटाइप विकास और स्टार्टअप इनक्यूबेशन को बढ़ावा मिलेगा.साथ ही स्मालसेट डिजिटल ट्विन लैब एण्ड स्पेस इनोवेशन सैंडबोक्स जैसी आधुनिक सुविधाएं भी विकसित की जाएंगी.उज्जैन में खगोल भौतिकी और अंतरिक्ष विज्ञान के लिए अनुसंधान एवं विकास केंद्र स्थापित कर प्रदेश की वैज्ञानिक विरासत को आधुनिक तकनीकों से जोड़ा जाएगा.

### डेटा सेंटर स्थापित किए जाएंगे

नीति में स्पेसटेक उद्योगों को 40 प्रतिशत तक पूंजी अनुदान (अधिकतम 150 करोड़ रुपये) दिया जाएगा.महिला उद्यमियों को अतिरिक्त प्रोत्साहन भी मिलेगा.स्पेस सिस्टम एवं एप्लीकेशन पार्क, परीक्षण प्रयोगशालाएं, क्लीन रूम और हाई परफॉर्मेंस कंप्यूटिंग आधारित डेटा सेंटर स्थापित किए जाएंगे.परीक्षण सुविधाओं के लिए 15 करोड़ रुपये तक अनुदान और स्टार्ट-अप एवं एमएसएमई को परीक्षण लागत पर 30 प्रतिशत तक प्रतिपूर्ति भी दी जाएगी.

## पवैया आज वित्त आयोग अध्यक्ष का पद संभालेंगे

**भोपाल, 22 मार्च.** भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता, प्रदेश के पूर्व मंत्री जयभान सिंह पवैया 23 मार्च सोमवार को राज्य वित्त आयोग के



अध्यक्ष का पदभार ग्रहण करेंगे. निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार पवैया सोमवार शाम 4:30 बजे भाजपा प्रदेश कार्यालय में महापुरुषों की प्रतिमाओं पर पुष्पांजलि अर्पित करेंगे. इसके उपरांत वे पार्टी कार्यकर्ताओं से भेंट करेंगे और शाम 5:30 बजे पार्टी नेतृत्व एवं पदाधिकारियों के साथ मंत्रालय पहुंचकर राज्य वित्त आयोग के अध्यक्ष का पदभार ग्रहण करेंगे.

# प्रदेश की जीएसडीपी पहुंचेगी 18 .48 लाख करोड़

## 4 .38 लाख करोड़ का बजट बढ़ाएगा आर्थिक विकास की गति

**भोपाल, 22 मार्च. प्रदेश में मोहन सरकार के अथक प्रयासों से राज्य की अर्थव्यवस्था (जीएसडीपी) 2026-27 में 18.48 लाख करोड़ रुपये तक पहुंच जायेगी.राज्य के बजट प्रावधानों को देखते हुए उल्लेखनीय वृद्धि का अनुमान लगाया गया है.**

वर्ष 2025-26 में जीएसडीपी 16.48 लाख करोड़ रुपये रही जो अब बढ़ रही है.राज्य की अर्थव्यवस्था तेज़ी से बढ़ रही है. सरकार ने वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए 4 लाख 38 हजार 317 करोड़ रुपये के बजट में विकास, सामाजिक सुरक्षा और अधोसंरचना विस्तार को केंद्र में रखा है.सरकार के प्रयासों से स्पष्ट है कि वित्तीय वर्ष के अंत में 44 करोड़ रुपये का राजस्व आधिक्य रहेगा. बजट में अधोसंरचना और विकास परियोजनाओं को गति देने के लिए 80 हजार 266 करोड़ का पूंजीगत व्यय प्रस्तावित किया गया है.

### औद्योगिक गतिविधियों को मिलेगी नई गति

यह राज्य के जीएसडीपी का 4.80 प्रतिशत है. इससे प्रदेश में औद्योगिक गतिविधियों, शहरी अधोसंरचना और ग्रामीण विकास परियोजनाओं को नई गति मिलेगी. विकास योजनाओं को गति देने के लिए कई प्रमुख विभागों के आवंटन में उल्लेखनीय वृद्धि की गई है. ग्रामीण विकास विभाग के बजट में 37 प्रतिशत, नगरीय विकास एवं आवास विभाग में 16 प्रतिशत, महिला एवं बाल विकास विभाग में 26 प्रतिशत, राजस्व विभाग में 43 प्रतिशत और स्कूल शिक्षा विभाग में 11 प्रतिशत की वृद्धि होगी.आगामी वर्ष में ग्रामीण आधारभूत संरचना, शहरी सुविधाओं और सामाजिक क्षेत्र को मजबूत बनाया जाएगा. कृषि और किसानों के कल्याण को विशेष प्राथमिकता दी गई है.कृषि एवं संबद्ध क्षेत्रों के लिए 88 हजार 910 करोड़ रुपये का बजट प्रावधान किया गया है.गैर-बजटीय संसाधनों को सम्मिलित करने पर इस क्षेत्र के लिए कुल लगभग 1 लाख 15 हजार करोड़ रुपये उपलब्ध होंगे. किसानों की आय बढ़ाने और कृषि गतिविधियों को आधुनिक बनाने में यह पहल मील का पत्थर साबित होगी.

# एमजीएम में खत्म हुई इंसेंटिव की देरी

### 3 करोड़ बकाया भी चुकाया

**इंदौर, 22 मार्च. एमजीएम मेडिकल कॉलेज से जुड़े अस्पतालों में आयुष्मान योजना के तहत चिकित्सकों और स्टॉफ को मिलने वाली इंसेंटिव राशि अब हर माह ऑटोमेटेड सिस्टम के जरिए सीधे उनके खातों में पहुंचेगी.**

लंबे समय से लंबित भुगतान की समस्या को भी दूर करते हुए पिछले दो माह में करीब 3 करोड़ रुपए का बकाया वितरण कर दिया है, जिससे डॉक्टरों और कर्मचारियों को बड़ी राहत मिली है. मेडिकल कॉलेज के डीन डॉ. अरविंद घंघोरिया ने बताया कि आयुष्मान योजना के अंतर्गत इलाज करने वाले डॉक्टरों व स्टॉफ के लिए आईसीआईसीआई



बैंक के सॉफ्टवेयर के माध्यम से नई व्यवस्था लागू की गई है. इसके तहत वर्ष 2023 और 2024 के लंबित भुगतान भी जारी कर दिए हैं, वहीं अब हर माह इंसेंटिव राशि स्वत: संबंधित खातों में ट्रांसफर हो रही है. उन्होंने यह भी बताया कि पिछले कुछ महीनों में विशेष मेहनत कर सभी पात्र डॉक्टरों, नर्सिंग स्टॉफ, वार्ड बॉय सहित योजना से जुड़े कर्मचारियों का रजिस्ट्रेशन किया गया है. इस प्रक्रिया में आयुष्मान टीम, कोऑर्डिनेटर्स, सुपरवाइजर्स और नोडल अधिकारियों की अहम भूमिका रही.

### पूरी तरह पारदर्शी और आसान है सिस्टम...

नई व्यवस्था के तहत डॉक्टरों का इंसेंटिव सीधे उनके खातों में और अस्पतालों का भुगतान संबंधित सुपरिटेंडेंट के खातों में पहुंच रहा है. यह सिस्टम पूरी तरह पारदर्शी और आसान है, जिससे भुगतान में देरी की समस्या खत्म हो गई है, डॉ. घंघोरिया के अनुसार, इस पहल से डॉक्टरों और स्टॉफ का मनोबल बढ़ेगा और आयुष्मान योजना के तहत मरीजों को बेहतर उपचार मिल सकेगा. उन्होंने कहा कि मेडिकल कॉलेज इस योजना को और मजबूत बनाने के लिए लगातार प्रयास कर रहा है.

## जीन्स पहनकर ड्यूटी करने पर तीन आरक्षक निलंबित

**शहडोल.** शहडोल रेंज के आईजी एन. चैत्रा ने ड्यूटी के दौरान जीन्स पहनने पर तीन आरक्षकों को निलंबित कर दिया है. इन आरक्षकों को पहले भी वर्दी संबंधी निर्देशों का पालन करने के लिए चेतावनी दी गई थी. लेकिन उन्होंने आदेशों की अनदेखी की.

आदेश के अनुसार प्रवीण कुमार तिवारी, परवेज खान और गौरव सिंह को पूर्व में स्पष्ट निर्देश दिए गए थे कि ड्यूटी के दौरान जीन्स नहीं पहनें, इसके बावजूद उन्होंने नियमों का उल्लंघन किया. इस पर कार्रवाई करते हुए आईजी ने तीनों आरक्षकों को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है. साथ ही मामले की प्राथमिक जांच के लिए एसडीओ धनपुरी को जांच अधिकारी नियुक्त किया गया है.



**लहार के भाजपा विधायक अम्बरीश ने किया प्रदर्शन**

**भिंड.** लहार में धरना प्रदर्शन पर बैठे लहार के भाजपा विधायक अम्बरीष शर्मा को धरने से उठाने के लिए भाजपा के नेता कवायद में जुटे रहे. विधायक ने कहा कि हम अपनी सरकार के खिलाफ नहीं बैठे हैं बल्कि हमारी कुछ समस्याएं एवं कारण हैं जिनको लेकर धरने पर बैठने के लिए विवश होना पड़ा.

# पूर्व उप संचालक जेपी सरवटे के खिलाफ चालान पेश

**जबलपुर, 22 मार्च. मध्य प्रदेश शासन के आदिम जाति कल्याण विभाग के पूर्व उप संचालक, जगदीश प्रसाद सरवटे के विरुद्ध अपराध से आय अर्जित करने के मामले में मनी लॉन्ड्रिंग रोकथाम अधिनियम 2002 के तहत विशेष न्यायालय पीएमएलए जबलपुर के समक्ष प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) भोपाल ने चालान पेश किया है.**


ईडी ने सरवटे के खिलाफ अभियोजन शिकायत दायर की थी. न्यायालय के पूर्व आदेश पर जगदीश सरवटे हाजिर हुए. कोर्ट ने अभियोजन शिकायत और अन्य दस्तावेज की प्रति उन्हें देने के निर्देश दिये है. दरअसल, ईडी ने आर्थिक अपराध विंग जबलपुर द्वारा भ्रष्टाचार की विभिन्न धाराओं के तहत दर्ज एफआईआर के आधार पर जांच शुरू की थी. सरवटे पर आरोप है कि उन्होंने एक लोक सेवक के रूप में कार्य करते हुए एक जनवरी 2015 से 20 जून 2025 की अवधि के दौरान अपनी आय के ज्ञात स्रोतों के अनुपात से अधिक संपत्ति अर्जित की. जांच के दौरान यह पता चला कि आरोपी ने भ्रष्ट तरीकों से अपराध से अर्जित आय उत्पन्न की थी और बाद में अवैध नगदी को बैंकिंग प्रणाली में डालकर भोपाल, मंडला, उमरिया और सिवनीमें स्थित कई अचल संपत्तियों और प्रतिष्ठानों को खरीदने में निवेश किया.

# छात्रों ने जानी साक्ष्य से सच जानने की फॉरेंसिक विज्ञान प्रक्रिया

नवभारत प्रतिनिधि

**भोपाल, 22 मार्च. आंचलिक विज्ञान केंद्र में रविवार जब विद्यार्थियों ने फिंगरप्रिंट की पहचान कर बारीकियां समझीं और अपने डिजिटल डिजाइन को थ्री डी प्रिंट के रूप में सामने आते देखा तो विज्ञान उनके लिए किताबों से निकलकर अनुभव बन गया.**

बता दें केंद्र में 21 और 22 मार्च को फॉरेंसिक विज्ञान, थ्री डी मॉडलिंग और प्रिंटिंग विषयों पर दो दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया.जिसमें कक्षा 11 वीं से स्नातक स्तर तक के विभिन्न संस्थानों के विद्यार्थियों ने अपनी भागीदारी दी. फॉरेंसिक विज्ञान की कार्यशाला में विद्यार्थियों को अपराध स्थल की



जांच और वैज्ञानिक साक्ष्य विश्लेषण की मूलभूत तकनीकों से परिचित कराया गया. जिसमें प्रतिभागियों ने साक्ष्य संग्रहण और सुरक्षित हैंडलिंग के तरीके सीखे. साथ ही फिंगरप्रिंट पहचान, ट्रेस और रक्त विश्लेषण की प्रारंभिक प्रक्रियाओं का व्यावहारिक अनुभव भी प्राप्त किया.

### अंतरिक्ष विज्ञान और थ्रीडी प्रिंटिंग समझी

थ्री डी मॉडलिंग और प्रिंटिंग कार्यशाला में विद्यार्थियों को किसी विचार को डिजिटल डिजाइन में बदलकर उसे वास्तविक मॉडल के रूप में तैयार करने की प्रक्रिया सिखाई गई. साथ ही कृत्रिम बुद्धिमत्ता के दौर में थ्री डी प्रिंटिंग के महत्व और इसके अंतरिक्ष विज्ञान के साथ आधुनिक निर्माण क्षेत्र में उपयोगों की जानकारी दी गई.

## बेगमगंज के शिक्षकों का अटका वेतन

**बेगमगंज, 22 मार्च.** तहसील के 427 प्राइमरी शिक्षकों का माह फरवरी 2026 का वेतन अभी तक नहीं मिलने से शिक्षकों के सामने आर्थिक संकट खड़ा हो गया है. इसको लेकर शिक्षकों में आक्रोश है. हर माह की 1 से 5 तारीख तक हर हाल में वेतन मिल जाता था लेकिन इस बार अब तक वेतन नहीं मिला है जबकि त्योहारों का सीजन चल रहा है. ऐसे में शिक्षक आर्थिक तंगी से परेशान हैं. प्राइमरी शिक्षकों ने शिक्षा विभाग शिक्षा विभाग के अधिकारियों से तत्काल वेतन वितरण किए जाने की मांग की है. इस संबंध में शिक्षा विभाग से संपर्क किए जाने पर पता चला कि बजट नहीं होने के कारण उनका वेतन नहीं आ पाया है.

# अफसरों को हटाना विफलता का प्रमाण

## प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष ने प्रशासनिक जवाबदेही तय करने की मांग की

**भोपाल, 22 मार्च. मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जीतू पटवारी ने प्रदेश में हाल ही में हो रहे औचक निरीक्षणों और उसके बाद की जा रही प्रशासनिक कार्रवाइयों की कड़ी आलोचना करते हुए इसे सशक्त नेतृत्व नहीं, बल्कि व्यवस्था की विफलता का प्रमाण बताया है.**

उन्होंने कहा कि पिछले कुछ महीनों में जिस तरह से लगातार कलेक्टर, पुलिस अधीक्षक और अन्य अधिकारियों को हटाया जा रहा है, वह इस बात का संकेत है कि सरकार प्रशासन पर नियंत्रण बनाए रखने में असफल हो रही है. उनके अनुसार, इन कार्रवाइयों को सख्त शासन के रूप में प्रस्तुत किया जा



रहा है, जबकि वास्तव में यह गहरी प्रशासनिक कमियों को छिपाने का प्रयास है. पटवारी ने अशोकनगर, शाजापुर, सीधी और गुना सहित कई जिलों के उदाहरण देते हुए कहा कि वहां अधिकारियों को कदाचार, लापरवाही, भ्रष्टाचार और जन आक्रोश जैसी स्थितियों के बाद हटाया गया.

देवास और रतलाम में हुई कार्रवाइयों का उल्लेख करते हुए कहा कि यह पूरे प्रदेश में एक पैटर्न के रूप में सामने आ रहा है. उन्होंने आरोप लगाया कि बार-बार अधिकारियों को कार्यसंस्कृति और समयबद्धता की सीख देना इस बात को दर्शाता है कि वर्षों में प्रभावी प्रशासनिक व्यवस्था विकसित नहीं हो सकी. उन्होंने कहा कि आम नागरिकों को अब बिना रिश्वत दिए सरकारी सेवाएं प्राप्त करना कठिन होता जा रहा है. औचक निरीक्षणों को सिर्फ राजनीतिक इवेंट मैनेजमेंट करार देते हुए पटवारी ने, भ्रष्टाचार के खिलाफ ठोस और दीर्घकालिक नीति बनाने की मांग की.

# विधायक आज करेंगे सड़क सुरक्षा पखवाड़ा का शुभारंभ

**बैरसिया, 22 मार्च. सड़क दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिए 23 मार्च से सड़क सुरक्षा पखवाड़ा का आयोजन किया जा रहा है. इसका शुभारंभ क्षेत्रीय विधायक विष्णु खत्री कृषि उपज मंडी से करेंग. यहां पर ट्रॉलियों पर रेडियम रिफ्लेक्टर्स लगाए जाएंगे.**

इस अभियान का मुख्य उद्देश्य यातायात नियमों के प्रति जागरूक कर सड़क दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाना है. अभियान के पहले दिन विधायक विष्णु खत्री स्वयं कृषि उपज मंडी पहुंचकर वहां खड़ी ट्रॉलियों के पीछे रेडियम (रिफ्लेक्टर्स) लगाएंगे. इसके बाद आगामी समय में गेहूं उपार्जन



केंद्रों पर भी ट्रॉलियों में रेडियम लगाया जाएगा. अक्सर देखा गया है कि रात्रि के समय सड़क किनारे खड़ी या चलती ट्रॉलियों में रेडियम न होने के कारण पीछे से आ रहे वाहन अनियंत्रित होकर दुर्घटनाग्रस्त हो जाते हैं. विधायक विष्णु खत्री ने युिवाओं से अपील करते हुए कहा कि दोपहिया वाहन चलाते समय हेलमेट पहनें.

## साहू समाज का विवाह सम्मेलन 20 अप्रैल को

**सिलवानी, 22 मार्च.** जिला साहू समाज रायसेन (मध्य प्रदेश तेलिक साहू सभा) के तत्वाधान में प्रतिवर्ष की तरह इस वर्ष भी नि:शुल्क सामूहिक विवाह सम्मेलन का आयोजन 20 अप्रैल अक्षय तृतीया पर ग्राम खेरी जयपुरा में किया जाएगा. यह सम्मेलन इस वर्ष अपना 39वां आयोजन पूरा करेगा. सम्मेलन को लेकर समाज में उत्साह का माहौल है. सर्वसम्मति से विवाह सम्मेलन समिति खेरी जयपुरा का अध्यक्ष अंतराम साहू को नियुक्त किया गया है. समिति के पदाधिकारियों, तहसील अध्यक्षों एवं नगर अध्यक्षों के सहयोग से जिलेभर में समाज बंधुओं को घर-घर जाकर निमंत्रण दिया जा रहा है. सामूहिक विवाह सम्मेलन में मप्र के विभिन्न जिलों से बड़ी संख्या में जोड़े शामिल होंगे.

# शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला का बदलेगा नाम

## सरदार वल्लभभाई पटेल के नाम से जाना जाएगा

**रूनाहा, 22 मार्च. स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा प्रदेश में सरकारी स्कूलों का नामकरण महापुरुषों के नाम पर किया जा रहा है. इसी क्रम में बैरसिया विधानसभा क्षेत्र के शासकीय स्कूलों का नाम बदलकर उन्हें महान विभूतियों के नाम पर रखने की तैयारी की गई है. इस संबंध में लोक शिक्षण संचालनालय (डीपीआई) ने आदेश जारी कर दिए हैं.**

जारी आदेश के अनुसार शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय रूनाहा का नाम अब शासकीय सरदार वल्लभभाई पटेल रूनाहा रखा जाएगा. स्कूल का नामकरण बैरसिया विधायक विष्णु खत्री की अनुशंसा पर किया गया है.




# अभिव्यंजना गरबा महोत्सव आज से, 27 को श्रीराम प्राकट्योत्सव

**भोपाल, 22 मार्च. हिन्दू नव वर्ष, विक्रम संवत, चैतीचंड एवं गुड़ी पड़वा के पावन अवसर पर भोपाल में 23 से 26 मार्च तक अभिव्यंजना गरबा महोत्सव एवं 27 मार्च को श्रीराम प्राकट्योत्सव का आयोजन किया जाएगा.**

आयोजन से जुड़ी जानकारी देते हुए कुशाभाऊ ठाकरे फाउंडेशन के संयोजक अंशुल तिवारी ने बताया कि चार दिवसीय गरबा महोत्सव के तहत 23 मार्च सोमवार को उत्सव का आरंभ होगा, जिसमें पहली शाम सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के साथ कार्यक्रम की शुरुआत होगी.

24 मार्च को रास की रात, 25 मार्च को भक्ति संध्या तथा 26 मार्च को ग्रैंड गरबा फिनाले आयोजित किया जाएगा. महोत्सव में बॉलीवुड गायिका सायली कांबले, गुजरात के गायक तेजदान गढ़वी और रास रानी भूमि त्रिवेदी द्वारा प्रस्तुतियां दी जाएंगी. कार्यक्रम में गरबा, डांडिया और अन्य सांस्कृतिक प्रस्तुतियों का आयोजन किया जाएगा.

वही 27 मार्च को आयोजित श्रीराम प्राकट्योत्सव के अवसर पर प्रभु श्रीराम पर आधारित भव्य लेजर शो, अयोध्या स्थित श्रीराम मंदिर की प्रतिकृति की महाआरती, राजस्थान के सुप्रसिद्ध गायक छोटू सिंह रावणा की प्रस्तुति तथा भव्य आतिशबाजी का आयोजन प्रस्तावित है.

फाउंडेशन के कोषाध्यक्ष आलोक पाण्डेय के अनुसार यह आयोजन आस्था और श्रद्धा के साथ-साथ भारतीय सांस्कृतिक विरासत के गौरव का प्रतीक होगा. कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों और आमजन की अधिकाधिक सहभागिता की अपील की गई है.

## रामनवमी पर शोभायात्रा 26 को निकलेगी

**बाड़ी, 22 मार्च.** रामनवमी पर 26 मार्च को चल समारोह निकाला जाएगा. बालाजी धाम से शोभायात्रा शाम 5 बजे शुरू होगी.

**अद्भुत उदाहरण** पीढ़ियों को जोड़ने की अनूठी परंपरा, सामाजिक और पारिवारिक रिश्तों को मिली मजबूती

# 35 सालों से रिश्तों की मिठास संजोए है किटी परिवार

**भोपाल, 22 मार्च. आधुनिक जीवन की भागदौड़ और बदलती सामाजिक परिस्थितियों के बीच जहां लोगों के पास एक-दूसरे के लिए समय कम होता जा रहा है, वहीं शहर की महिलाओं का एक किटी समूह पिछले 35 वर्षों से प्रेम, विश्वास और आत्मीयता के साथ सामाजिक और पारिवारिक रिश्तों को मजबूत करने का अद्भुत उदाहरण बना हुआ है.**

यह किटी केवल मनोरंजन का माध्यम नहीं, बल्कि एक ऐसा परिवार बन चुकी है जहां हर सदस्य सुख-दुख में एक-दूसरे के साथ



खड़ा रहता है. इस किटी की शुरुआत आज से लगभग तीन दशक पहले हुई थी. उस समय अधिकांश सदस्यों के बच्चे बहुत छोटे थे, कई तो नर्सरी में पढ़ते थे और अपनी माताओं के साथ किटी में आया करते थे. समय के साथ बच्चे बड़े हुए, पढ़ाई पूरी की, अपने-अपने जीवन में आगे बढ़े और आज उनका अपना परिवार है. दिलचस्प बात यह है कि अब जब किटी की पार्टी होती है तो सदस्य अपने बच्चों, बहुओं, बेटियों और दामादों के साथ शामिल होते हैं.

### गहरे और आत्मीय बन गए रिश्ते

पीढ़ियों के इस मिलन को देखकर सभी के चेहरे पर खुशी और गर्व साफ झलकता है. इस किटी की सबसे बड़ी विशेषता यह है कि यहां आपसी विश्वास और सम्मान का वातावरण हमेशा बना रहता है. सदस्यों का कहना है कि इतने वर्षों में कभी भी किसी के सामने तो क्या, पीठ पीछे भी किसी की बुराई नहीं की गई. यदि किसी सदस्य के जीवन में कोई समस्या आती है तो सभी मिलकर उसका समाधान खोजते हैं. यही कारण है कि इस किटी के रिश्ते सामान्य दोस्ती से कहीं अधिक गहरे और आत्मीय बन चुके हैं. किटी के कई सदस्य इसकी स्थापना के समय से ही जुड़े हुए हैं. सरला शर्मा और पुष्पा जैन इस किटी की प्रारंभिक दौर की फाउंडर मेंबर हैं और आज भी उसी उत्साह के साथ सक्रिय हैं. इस अवसर पर किटी में चंद्रकांति आर्य, अलका उपाध्याय, अनुभा जी, चित्रा जोशी, निशा सिंह, प्रेरणा शर्मा, सुषमा ताम्रकार, उमा शर्मा, वर्षा दीक्षित, गीता झा, मधु गुप्ता, नीरू जी, प्रभा जी, प्रभा व्यास, पुष्पा जैन, सरला शर्मा और विनीता डिसोरिया सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहीं.

**कार्यालय कार्यपालन यंत्री, राजधानी संभाग क्रमांक-1**
**राजधानी परियोजना प्रशासन, लो .नि .वि ., ई-5, अरेरा कॉलोनी, भोपाल**

**निविदा आमंत्रण सूचना (द्वितीय आमंत्रण)**

निम्नलिखित कार्य हेतु निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं. उल्लेखित कार्य का विस्तृत विवरण वेबसाइट https://www.mptender.gov.in पर उपलब्ध है :-

| स. क्र. | टेंडर नं. | निविदा क्र. एवं दिनांक | कार्य का नाम | कार्य की अनुमानित लागत (लाख में) | अमानत राशि | निविदा प्रपत्र का मूल्य | निविदा प्रपत्र ऑनलाइन विक्रय, डाउनलोड की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 2026_CPA _492330_1 | 015/SAC dt. 18.3.26 (2nd Call) | कोलार मुख्य मार्ग से सेमरी कलां पहुंच मार्ग का निर्माण कार्य (लंबाई 1.00 कि.मी.) | रु. 152.00 | रु. 152000 | रु. 12,500 | 1.4.2026 |

उपरोक्त वेबसाइट से ऑनलाइन भुगतान करने के उपरान्त निविदा प्रपत्र (टेंडर डॉक्यूमेंट) वेबसाइट के माध्यम से प्राप्त हो सकेंगे. निविदा प्रपत्र क्रय, डाउनलोड एवं ऑनलाइन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि 1/4/2026 सायं 5 .30 बजे निर्धारित है. विस्तृत एनआईटी एवं अन्य जानकारी उपरोक्त वेबसाइट में देखी जा सकती है.

**कार्यपालन यंत्री**
**राजधानी संभाग क्रमांक-1**
**राज.परि.प्रशा. लो.नि.वि.**
**ई-5, अरेरा कॉलोनी, भोपाल, फोन- 0755-2464382**

G27772/25